राजधानी •
वर्ष 18 | अंक 165 | पृष्ठ : 16+6
मूल्य : चार रुपये
6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

नई दिल्ली
बुधवार, 23 सितंबर 2020

मानसून सत्र निलंबित आठ सांसदों का धरना खत्म, राज्यसभा का बहिष्कार शुरू

एयरपोर्ट व जमीन की कम दरों के कारण मिली फिल्म सिटी

रोड कनेक्टिविटी और बिजली-पानी के बेहतर इंतजाम से भी बना पहली पसंद

माई सिटी रिपोर्टर

ग्रेटर नोएडा। नोएडा व ग्रेटर नोएडा को पीछे छोड़ते हुए यमुना प्राधिकरण ने फिल्म सिटी अपने खाते में कर ली। इसकी दो बड़ी वजह रही। पहला यहां जमीन की दर नोएडा-ग्रेनो प्राधिकरण की तुलना में करीब आधी है। दूसरा, यहां नोएडा एयरपोर्ट व रोड कनेक्टिविटी काफी बेहतर है, जितनी जमीन यमुना प्राधिकरण के पास है। उतनी जमीन न तो नोएडा के पास है और न ही ग्रेटर नोएडा के पास।

दरअसल, मुख्यमंत्री के फैसले के बाद यमुना प्राधिकरण ने यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर-21 में 1000 हजार हेक्टेयर जमीन तत्काल चिह्नित करते हुए सबसे पहले प्रस्ताव शासन को भेज दिया। प्राधिकरण ने बड़े प्लॉट की दर 4050 रुपये प्रति वर्ग मीटर और छोटे प्लॉट की 6670 रुपये प्रति वर्ग मीटर रखी। ग्रेटर नोएडा ने नाइट सफारी की जमीन फिल्म सिटी के लिए 550 एकड़ जमीन तय कर दी। इसकी दर करीब 11,500 रुपये प्रति वर्ग मीटर है।

इसी तरह नोएडा प्राधिकरण ने नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे के किनारे बसे सेक्टरों की करीब 535 एकड़ जमीन चिह्नित करके प्रस्ताव शासन को भेजा था। इसकी दर भी करीब 11 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर रखी गई। नोएडा की जमीन की कुल कीमत 2500 करोड़ रुपये आंकी गई। ग्रेटर नोएडा की जमीन इससे भी महंगी थी, जबकि यमुना प्राधिकरण में इससे आधे दर पर जमीन उपलब्ध है।

वहीं, फिल्म सिटी यीडा के खाते में आने की दूसरी बड़ी वजह नोएडा एयरपोर्ट व रोड कनेक्टिविटी रही। फिल्म सिटी जिस जगह प्रस्तावित की गई है वह नोएडा एयरपोर्ट से करीब छह किलोमीटर की दूरी पर है। सेक्टर-21 यमुना एक्सप्रेसवे से सटा हुआ है। ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से इसकी दूरी 12 किलोमीटर है। फिल्मकार यहां से शूटिंग के लिए मथुरा, आगरा, जयपुर जैसे शहरों में आसानी से आवागमन कर सकते हैं। यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो प्वाइंट परी चौक के पास से यह सेक्टर 21 किलोमीटर पर स्थित है।

इसके अलावा स्टेट हाइवे 33 मथुरा-आगरा-रायबरेली, स्टेट हाइवे 80 मथुरा-आगरा और स्टेट हाइवे 22ए पलवल-अलीगढ़ भी इसके पास से गुजरता है। इसके अलावा यमुना प्राधिकरण ने बिजली के लिए 765 केवी सबस्टेशन और सेक्टर 32 में प्रस्तावित 400 केवी बिजलीघर व पानी की उपलब्धता का पूरा ब्योरा बनाकर भेजा था।

1000

हेक्टेयर जमीन चिन्हित शासन को भेजा गया था प्रस्ताव

> यीडा में प्रदेश सरकार ने फिल्म सिटी बनाने का फैसला किया है। इससे क्षेत्र भारी मात्रा में निवेश होगा। नोएडा एयरपोर्ट के बाद अब फिल्म सिटी प्रोजेक्ट लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर खोल देगा।-डॉ. अरुणवीर सिंह, यमुना प्राधिकरण

फिल्म सिटी से लाखों युवाओं को मिलेगा रोजगार निवेश भी बढ़ेगा

ग्रेटर नोएडा। यीडा सिटी के सेक्टर-21 में प्रस्तावित फिल्म सिटी से लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा। साथ ही, इलाके में निवेश भी बढ़ेगा। फिल्म इंडस्ट्री के साथ ही उससे जुड़े उद्योग भी यहां आएंगे। होटल उद्योग को भी फायदा मिलेगा।

उत्तर प्रदेश सरकार ने यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में फिल्म सिटी बनाने की घोषणा कर दी है। फिल्म सिटी बनने से यहां रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। फिल्मों की शूटिंग के साथ ही इससे जुड़े तमाम उद्योग भी यहां लगेंगे। इसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा। इसका सबसे ज्यादा फायदा स्थानीय लोगों को भी मिलेगा। उन्हें घर के पास ही रोजगार मिल सकेगा। साथ ही, निवेश भी बढ़ेगा। फिल्म उद्योग से जुड़ी औद्योगिक इकाइयां भी यहां पर लगेंगी। इस बड़े प्रोजेक्ट के आने से निवेश का फायदा न सिर्फ यमुना प्राधिकरण को होगा, बल्कि नोएडा व ग्रेटर नोएडा भी इससे लाभान्वित होंगे। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में देसी-विदेशी कंपनियां अपनी इकाइयां लगाने जा रही हैं। निवेशकों के लिए यह क्षेत्र आकर्षण का केंद्र बनेगा। ब्यूरो